प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 26.11.2024**

**मुख्य समाचारः—**

- संविधान को अंगीकार किए जाने की पचहत्तरवीं वर्षगांठ पर आज रायपुर में 'हमारा संविधान—हमारा स्वाभिमान' के नाम से निकाली गई पदयात्रा—अमृत सरोवर स्थलों और शिक्षण संस्थानों में हुए कई कार्यक्रम।

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक—किसानों को बीज उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार द्वारा इम्पैनल्ड सेंट्रल नोडल सीड एजेंसी से बीज खरीदने का लिया गया निर्णय।

- बिलासपुर—कटनी रेलमार्ग के भनवारटंक स्टेशन के पास आज कोयले से लदी मालगाड़ी पटरी से उतरी—कई ट्रेनों का परिचालन हुआ प्रभावित।

- राज्य सरकार ने विशेषर सिंह पटेल को गौ—सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया।

**<u>संविधान दिवस—राष्ट्रपति</u>**

संविधान को अंगीकार किए जाने की आज पचहत्तरवीं वर्षगांठ है। इस अवसर पर केन्द्र सरकार ने आज से एक वर्ष तक चलने वाले समारोह की शुरूआत की है। ये समारोह छब्बीस नवंबर दो हजार पच्चीस तक देशभर में आयोजित किए जाएंगे। संविधान दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारतीय संविधान एक जीवित और प्रगतिशील दस्तावेज है। इसके माध्यम से देश ने सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लक्ष्यों को हासिल किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने समाज के सभी वर्गों विशेषकर, कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए हाल के वर्षों में कई उपाय किये हैं।

***<u>सरकार ने समाज के सभी वर्गों, विशेषकर कमजोर वर्गों के लोगों के विकास के लिए अनेक कदम उठाए हैं। इस निर्णय से लोगों का जीवन बेहतर हुआ है तथा उन्हें प्रगति के नए अवसर मिल रहे हैं। गरीब लोगों का अपना पक्का घर, बिजली, पानी, सड़क की सुविधा, खाद्य सुरक्षा और चिकित्सा सेवाएं मिल रही हैं। इतने बड़े पैमाने पर विश्व स्तर का इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया जा रहा है।</u>***

राष्ट्रपति ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किये जाने की सराहना की। राष्ट्रपति ने सभी नागरिकों से वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत बनाने के राष्ट्रीय लक्ष्य हासिल करने की दिशा में अपने बुनियादी कर्तव्यों और कार्यों को निभाने के लिए अपने आचरण में संवैधानिक आदर्शों को आत्मसात करने का आग्रह किया।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय संविधान की पचहत्तरवीं वर्षगांठ के अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि संविधान राष्ट्र का मार्गदर्शक है। भारतीय संविधान देश की हजारों वर्षों की परंपरा की आधुनिक अभिव्यक्ति है।

**<u>संविधान दिवस—पदयात्रा</u>**

संविधान दिवस के अवसर पर आज रायपुर में 'हमारा संविधान—हमारा स्वाभिमान' के नाम से पदयात्रा निकाली गई। इस पदयात्रा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधि और स्कूली छात्र—छात्राएं शामिल हए। यह पदयात्रा पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय सभागृह से शुरू होकर अंबेडकर चौक पर समाप्त हुई, जहां मुख्यमंत्री ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय सभागृह में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संविधान भारत की सदियों पुरानी संस्कृति, इतिहास और परंपराओं का आइना है। यह संविधान हमारे सदियों के संघर्ष, अनुभव और उपलब्धियों का प्रतिफल है।

संविधान दिवस के अवसर पर आज राजभवन सचिवालय के अधिकारी—कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। वहीं, रायपुर रेलमंडल में मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने अधिकारियों—कर्मचारियो को संविधान की उद्देशिका पढ़कर शपथ दिलाई।

संविधान दिवस पर प्रदेश के विभिन्न जिलों के अमृत सरोवर स्थलों और शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**प्रसार भारती—फ्रीडम प्लान**

प्रसार भारती, रेलटेल और प्लेबॉक्स टीवी रेलवायर ब्रॉडबैंड पर फ्रीडम प्लान शुरू करेगा। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी तथा रेलटेल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने कल नई दिल्ली में इसकी शुरूआत की। इसका उद्देश्य पारंपरिक और आधुनिक प्रसारण के बीच की दूरी को कम करना तथा निर्बाध कनेक्टिविटी और उत्कृष्ट मनोरंजन उपलब्ध कराना है। श्री द्विवेदी ने कहा कि देश डिजिटल क्रांति की ओर बढ़ रहा है और वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म प्रसार भारती के लिए एक बड़ी छलांग है।

***प्रसार भारती में ग्रामीण और शहरी का ये कोई भेद नहीं है। हमारा जो दायित्व है वह यह है कि भारत के हर नागरिक तक हमें सेवाएं पहुंचानी है। हमारे एक प्रयास है कि एक कंसोलिडेटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से हम लोगों तक समाचार जो जानकारियां है जो एंटरटेनमेंट प्रोग्राम्स है पहुंचा सके।***

**गृह मंत्री—नशीली दवाई कार्रवाई**

गृह मंत्री विजय शर्मा ने आज मंत्रालय में गृह विभाग और स्वास्थ्य विभाग की एक उच्च स्तरीय बैठक ली। बैठक में उन्होंने प्रदेश में नशीली दवा बेचने वालों पर कठोर कार्रवाई करने की बात कही। श्री शर्मा ने पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि नशीली दवाओं के नियंत्रण के लिए मेडिकल दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण करें और इसके कारोबार में शामिल दुकानदारों को गिरफ्तार करें।

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने खाद्य और औषधि विभाग के नियंत्रक को पुलिस अधिकारियों के साथ टीम बनाकर कार्रवाई करने के लिए कहा।

**राज्य मंत्रिमंडल—निर्णय**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में किसानों के हित में मंत्रिपरिषद ने बड़ा फैसला लिया। मंत्रिपरिषद ने किसानों को बीज उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में इम्पैनल्ड सेंट्रल नोडल सीड एजेंसी से बीज खरीदने की अनुमति दी। वहीं, राजनीतिक आंदोलनों से संबंधित चौव्वन प्रकरणों को वापस लिये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही पांचवीं और आठवीं की परीक्षाओं को केन्द्रीकृत किए जाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया है।

इसके अलावा मंत्रिपरिषद ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को वितरण के लिए नागरिक आपूर्ति निगम को ई—ऑक्शन प्लेटफॉर्म के माध्यम से चना उपार्जन करने की अनुमति दी है। वहीं, खरीफ सीजन में राज्य में मक्का और प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के अंतर्गत दलहन—तिलहन और रबी मौसम में चना, मसूर तथा सरसों के उपार्जन के लिए नेफेड और एनसीसीएफ को प्रोक्योरमेंट एजेंसी नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

मंत्रिपरिषद ने राज्य जल विद्युत परियोजना के तहत पांच सालों के लिए प्रति वर्ष एक लाख रूपए प्रति मेगावाट की दर से लिए जाने वाले हरित ऊर्जा विकास शुल्क को समाप्त करने का निर्णय लिया है। वहीं, राज्य में हाउसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड से आवास, नगरीय विकास और अन्य क्षेत्रों में सहायता प्राप्त करने के लिए समझौता ज्ञापन के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा लागू व्यपवर्तन शुल्क प्रीमियम, अर्थदण्ड और भू–राजस्व के पुनः निर्धारण से छूट प्रदान करने का निर्णय भी लिया गया।

## राज्य मंत्रिमंडल–निर्णय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में किसानों के हित में मंत्रिपरिषद ने बड़ा फैसला लिया। मंत्रिपरिषद ने किसानों को बीज उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में इम्पैनल्ड सेंट्रल नोडल सीड एजेंसी से बीज खरीदने की अनुमति दी। वहीं, राजनीतिक आंदोलनों से संबंधित चौव्वन प्रकरणों को वापस लिये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही पांचवीं और आठवीं की परीक्षाओं को केन्द्रीकृत किए जाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया है।

इसके अलावा मंत्रिपरिषद ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को वितरण के लिए नागरिक आपूर्ति निगम को ई–ऑक्शन प्लेटफॉर्म के माध्यम से चना उपार्जन करने की अनुमति दी है। वहीं, खरीफ सीजन में राज्य में मक्का और प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के अंतर्गत दलहन–तिलहन और रबी मौसम में चना, मसूर तथा सरसों के उपार्जन के लिए नेफेड और एनसीसीएफ को प्रोक्योरमेंट एजेंसी नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

मंत्रिपरिषद ने राज्य जल विद्युत परियोजना के तहत पांच सालों के लिए प्रति वर्ष एक लाख रूपए प्रति मेगावाट की दर से लिए जाने वाले हरित ऊर्जा विकास शुल्क को समाप्त करने का निर्णय लिया है। वहीं, राज्य में हाउसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड से आवास, नगरीय विकास और अन्य क्षेत्रों में सहायता प्राप्त करने के लिए समझौता ज्ञापन के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा लागू व्यपवर्तन शुल्क प्रीमियम, अर्थदण्ड और भू–राजस्व के पुनः निर्धारण से छूट प्रदान करने का निर्णय भी लिया गया।

## राज्यपाल–दिल्ली प्रवास

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने आज नई दिल्ली में पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू और केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की।

अपने दिल्ली प्रवास के दौरान राज्यपाल ने भारत मंडपम में आयोजित तैंतालीसवें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का अवलोकन किया।

## ट्रेन–डिरेल

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर–कटनी रेलमार्ग के भनवारटंक स्टेशन के पास आज सुबह कोयले से लदी मालगाड़ी के सत्रह वैगन पटरी से उतर गए। इसके कारण इस रेलमार्ग पर कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। आज अंबिकापुर–दुर्ग एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है। कल सत्ताईस नवंबर को बिलासपुर–शहडोल मेमू अप–डाउन रद्द रहेगी। वहीं, दुर्ग–उधमपुर सुपरफास्ट, भोपाल–दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस, छपरा–दुर्ग एक्सप्रेस, पुरी–योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस और दुर्ग–एमसीटीएम एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे की टीम मौके पर पहुंचकर रेल यातायात बहाल करने के लिए मरम्मत कार्य कर रही है।
रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए बिलासपुर, रायगढ़, अनूपपुर, शहडोल, उसलापुर, दुर्ग, रायपुर और गोंदिया स्टेशन में बूथ की स्थापना की है।

## गौ–सेवा आयोग–अध्यक्ष नियुक्ति

राज्य सरकार ने आज छत्तीसगढ़ गौ–सेवा आयोग में अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी है। पशुधन विकास विभाग के संयुक्त सचिव द्वारा जारी आदेश के मुताबिक कबीरधाम जिले के विशेषर सिंह पटेल को गौ–सेवा आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है।

वहीं, राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के चार अधिकारियों के प्रभार में भी फेरबदल किया है। जारी आदेश के मुताबिक राजेश अग्रवाल को पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में सहायक पुलिस महानिरीक्षक, धर्मेन्द्र सिंह छवई को कबीरधाम जिले का पुलिस अधीक्षक, मयंक गुर्जर को बीजापुर का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और पूजा कुमार को दंतेवाड़ा जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**मौसम**

उत्तर से आ रही ठंडी और शुष्क हवाओं के कारण अगले दो–तीन दिनों तक सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों में न्यूनतम तापमान में गिरावट जारी रहने की संभावना है। प्रदेश के मध्य क्षेत्र में न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि हो सकती है। वहीं, बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है।

**संक्षिप्त समाचार**

- खैरागढ़ में धान बीज बिक्री पर अधिक लाभ दिलाने के नाम पर लाखों रूपये की धोखाधड़ी करने वाला एक निजी कंपनी के डायरेक्टर को गिरफ्तार किया गया है।

- बलौदाबाजार जिले के कोरदा और लवन के जंगलों से एक बाघ को वन विभाग की टीम द्वारा रेस्क्यू किया गया है। बाघ को ट्रैंकुलाइज कर रायपुर लाया जा रहा है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>